आरटीआई मामला / तत्काल

F.No. ऐ.44012/01/2019- ई.IV

भारत सरकार

Government of India

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

Ministry of Human Resource Development

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

(Department of Higher Education)

*****

कमरा संख्या 235 'सी' विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110 001
दिनांकः 28/15 जून, 2019

सेवा में,

श्री पारस नाथ,
जे - 110/4, सौरभ विहार,
जैतपुर, बदरपुर, नई दिल्ली – 110044.

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना।

महोदय,

कृपया सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना मांगने के बारे में आपके पत्र पंजीकरण संख्या DOHED/R/2019/5137, दिनांक 11/06/2019, का सन्दर्भ लें जिसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीनस्थ विभाग क्रमशः उच्चतर शिक्षा विभाग एवं स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नयी दिल्ली में कार्यरत सभी स्थाई कर्मचारियों एवं अधिकारियों क्रमशः मल्टी टास्किंग स्टाफ, चपरासी, सहायक अनुभाग अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, अवर सचिव, उप सचिव इत्यादि से लेकर निदेशक स्तर के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के मई महीने की बायो मीट्रिक अटेंडेंस की सत्यापित प्रतिया उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सन्दर्भ में यह सूचित किया जाता है कि मांगी गयी सूचना की जानकारी दस्तावेज़/ समेकित वांछित रूप में उपलब्ध नहीं है। तदनुसार, आपके द्वारा वांछित सूचना से सम्बंधित दस्तावेज़ परस्पर सहमति से तय सहूलियत वाली तारीख / समय पर देखे जा सकते हैं और आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत वांछित सूचना / दस्तावेज़ प्राप्त किये जा सकते हैं।

3. यदि आप उपरोक्त उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप इस उत्तर की प्राप्ति के 30 दिन के अंदर श्री सैय्यद इकराम रिज़वी, निदेशक (प्रशासन) और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, कमरा संख्या 419, सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 के समक्ष अपील कर सकते हैं।

भवदीय,

रत्नेश 28/6/19
(रत्नेश कुमार गुप्ता)
अवर सचिव (स्थापना) और केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी
टेलीफैक्स - 23385400

प्रति प्रेषितः

1. आईएफसी को रिकॉर्ड के लिए।